बाबू युगराज सिंह सेवा संस्थान की बैठक दिनांक 05.10.2018 का कार्यवृत्त

दिनांक 12.09.2018 का प्रसारित सूचना के अनुसार आज दिनांक 05.10.2018 को बाबू युगराज सिंह सेवा संस्थान, चन्द्रप्रभा हाउस, नई बाजार, खागा, फतेहपुर के न्यास मण्डल की बैठक मुख्य ट्रस्टी श्री अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में न्यास के पंजीकृत कार्यालय चन्द्रप्रभा हाउस, नई बाजार, खागा फतेहपुर के बैठक कक्ष में प्रातः 10 बजे आरम्भ हुई।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1.	श्री अभय प्रताप सिंह	मुख्य ट्रस्टी	अभय प्रताप सिंह
2.	श्री सुरेशचन्द्र सिंह	न्यासी	सुरेशचन्द्र सिंह
3.	श्री रामसागर	न्यासी	रामसागर
4.	श्री लाल सिंह	न्यासी	लाल सिंह
5.	श्री संजय कुमार	न्यासी	संजय कुमार
6.	श्रीमती मीनू सिंह	न्यासी	मीनू सिंह
7.	श्री शिव सिंह	न्यासी	
8.	श्री योगेश सिंह	न्यासी	Yogesh Singh
9.	मो0 युसुफ	न्यासी	युसुफ
10.	श्रीमती निवेदिता सिंह	न्यासी	निवेदिता सिंह

प्रस्ताव–1– पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार।	बैठक की पिछली कार्यवाही न्यास मण्डल को पढ़कर सुनाया गया समस्त न्यासीगण ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की
प्रस्ताव–2– श्री योगेश सिंह, न्यासी ने यह प्रस्ताव किया कि ट्रस्ट द्वारा ग्राम भौतर, अजुहा कौशाम्बी में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन किया जाना समाज हित में आवश्यक प्रतीत होता है।	**अनुमोदन–** उपस्थित न्यासीगण ने सर्व सम्मति से ग्राम भौतर, अजुहा कौशाम्बी में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु मुख्य ट्रस्टी श्री अभय प्रताप सिंह को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसें–भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन, आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यो हेतु भी मुख्य ट्रस्टी श्री अभय प्रताप सिंह को अधिकृत किया

	गया।
प्रस्ताव–3– श्री सुरेशचन्द्र सिंह, न्यासी ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु अभय प्रताप सिंह फार्मेसी कालेज (Abhay Pratap Singh Pharmacy College) नाम प्रस्तावित कियां	**अनुमोदन–** उपस्थित न्यासीगण ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम अभय प्रताप सिंह फार्मेसी कालेज (Abhay Pratap Singh Pharmacy College) रखने समर्थन किया।
प्रस्ताव–4– श्री संजय कुमार न्यासी ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा राजस्व ग्राम भौतर तहसील सिराथू जिला कौशाम्बी में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा संख्या–724 व 725 कुल रकबा 0.3120 हेक्टेयर (0.7703 एकड़) को प्रस्तावित अभय प्रताप सिंह फार्मेसी कालेज (Abhay Pratap Singh Pharmacy College) हेतु चिन्हित कर दिया जाय।	**अनुमोदन–** उपस्थित न्यासीगण के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से राजस्व ग्राम भौंतर तहसील सिराथू जिला कौशाम्बी में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा संख्या–724 व 725 कुल रकबा 0.3120 हेक्टेयर (0.7703 एकड़) को प्रस्तावित अभय प्रताप सिंह फार्मेसी कालेज (Abhay Pratap Singh Pharmacy College) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा मुख्य ट्रस्टी श्री अभय प्रताप सिंह का उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेंजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

अन्य कोई प्रस्ताव नहीं होने के कारण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा समाप्ति की घोषणा की गयी।

अभय प्रताप सिंह युसुफ रामनागर

मीतू सिंह संजय कुमार Yogesh Singh